
# धर्म कोई भी हो, थोपा नहीं जाना चाहिए: मंदना करीमी

बिग बॉस फेम मंदनाकरीमी को लोग महज एक बोल्ड और ग्लैमरस मॉडल-ऐक्ट्रेस के रूप में ही जानते हैं, लेकिन असल में वह ऐसी मॉडर्न वुमन की नजीर हैं, जिसने अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने का फैसला किया।



बचपन में हिजाब की ओट से दुनिया देखने का सपना बुनने वाली इस ईरानी लड़की ने तमाम रूढ़ियों के खिलाफ जाकर अपनी किस्मत लिखी। इन दिनों हॉरर कॉमिडी फिल्म कोका कोला की शूटिंग में बिजी मंदना से

वीरे दी वेडिंग के दौरान सोनम कपूर ने बताया था कि फिल्म में केवल ऐक्ट्रेसेज होने के चलते बजट जुटाने में काफी मुश्किल हुई थी। फिल्म कोका कोला में भी आप और सनी लियोनी मेन लीड हैं, तो आपको लगता है कि इसे ऑडियंस मिल पाएगी? देखिए, अब वक्त बहुत बदल गया है। 5-10 साल पहले तक फिल्म में हीरो ही मेन होता था, जो ऐक्शन करता था, हीरोइन को बचाता था। अभी यह सब बदल गया है, क्योंकि हमारा समाज बहुत बदला है। अब अगर किसी की शादी नहीं हुई है और उसके बच्चे हैं, तब भी सोसायटी उन्हें एक्सेप्ट करती है, जैसे सुष्मिता सेन हैं। जहां तक फिल्मों की बात है, तो पिछले 2-3 सालों में ऐसी बहुत सी फिल्में आई हैं, जिसमें मेन करैक्टर हीरोइन है। उसे खुद को बचाने के लिए किसी हीरो की जरूरत नहीं है। यह एक बड़ा बदलाव है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं इस वक्त इंडस्ट्री में वापस आई हूं, जब हमारे यहां इतनी स्ट्रॉन्ग फीमेल ऐक्ट्रेसेज हैं। आप देखो, करीना कपूर हैं। उनका बच्चा हुआ, फिर भी उन्होंने काम नहीं छोड़ा। जब वह प्रेग्नेंट थीं, तब भी शूटिंग, इवेंट्स कर रही थीं। एकता कपूर हैं, जो इतनी बड़ी प्रड्यूसर, बिजनेस वुमन हैं, वह सरोगेसी के जरिए मां बनी हैं, तो यह सब बहुत ही इंस्पायरिंग है।

आप खुद मॉडर्न वुमन के लिए एक नजीर हैं। ईरान के एक रूढ़िवादी परिवार से होने के बावजूद आपने मॉडलिंग-ऐक्टिंग जैसा ग्लैमरस फील्ड चुना। यह सफर कितना मुश्किल रहा? मैं एक रुढ़िवादी परिवार से हूं। जब मैं एक टीनेजर थी, तब मेरे फादर भी साथ नहीं थे। सिर्फ मैं और मेरी मां थी, तो मेरी मां बहुत डरती थी कि कि मेरी बेटी का क्या होगा। जब मैंने अकेले रहना शुरू किया, तो मैं सिर्फ 17-18 साल की थी, तो वह परेशान होती थी कि कहां जाएगी, क्या करेगी। यह वाकई बहुत मुश्किल था। ईरान में धर्म और परिवार बहुत अहम होता है। ऐसे में, अगर आपकी राय किसी ऐसी चीज के खिलाफ होती है, जिसमें सब यकीन करते हैं, तो बहुत मुश्किलें आती हैं। आपको उसका परिणाम भी भुगतना होता है, लेकिन आपको तय करना होता है कि आप किसमें यकीन रखते हैं, आप जिंदगी में क्या पाना चाहते हैं। कड़ी मेहनत, थोड़ी किस्मत और फोकस हो, तो आप जहां चाहें पहुंच सकते हैं। शुरू के दौर में मेरी मां भी ज्यादा सपॉर्टिव नहीं थीं। वह मुझसे ज्यादा बात भी नहीं करती थीं। वह दौर मेरे लिए बहुत मुश्किल समय था, लेकिन 2-3 साल बाद जब मैं मॉडल बन गई, अच्छा काम करने लगी, तो धीरे-धीरे मेरी मां भी यह समझ गईं कि मैं खुद को हैंडल कर सकती हूं। अब मेरी फैमिली को मुझ पर गर्व है। हालांकि, अभी भी मेरे काम की वजह से बहुत से फैमिली मेंबर्स मेरी मां को बोलते रहते हैं कि तुम ऐसा कैसे कर सकती हो? कैसे अपनी बेटी को जाने दे सकती हो? लेकिन असल में इन सब चीजों से फर्क नहीं पड़ता। जो चीज आपको खुशी दे, लाइफ में वही इंपॉर्टेंट है।



हाल ही में जायरा वसीम ने धर्म का हवाला देते हुए ऐक्टिंग छोड़ने की बात कही है। आपकी क्या राय है? देखिए, धर्म बहुत अच्छा है। जिस भी भगवान को आप मानते हैं, जिसमें भी आप यकीन रखते हैं, मैं खुद मानती हूं कि जिंदगी में कुछ ऐसा चाहिए, जिसमें आपको भरोसा हो, जिसकी आप पूजा करें। वह जो भी हो, गणेश हो, अल्लाह हो या चर्च में जाना हो, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। यह दबाव नहीं होना चाहिए कि तुम्हें करना ही है। मैं कहीं न कहीं जायरा को बहुत अच्छे से समझ पा रही हूं। उसने कहा कि मैं धर्म की वजह से यह सब छोड़ रही हूं।

हमारे जैसे लोगों पर ऐसा करने का दबाव होता है, लेकिन जो लोग स्ट्रॉन्ग होते हैं, वे वह जगह छोड़ देते हैं कि मैं यह जगह छोड़कर जा रही हूं, आप लोगों को जो करना है करो। मैं उससे बहुत कनेक्टेड महसूस करती हूं, क्योंकि ईरान में भी बिलकुल ऐसा ही है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



# मुझे दीपिका का एक्सपेरिमेंटल स्वभाव काफी पसंद है: तमन्ना भाटिया

बाहुबली स्टार तमन्ना भाटिया का कहना है कि उन्हें अभिनेत्री दीपिका पादूकोण का एक्सपेरिमेंटल स्वभाव काफी पसंद है. हाल ही में अभिनेत्री एक डिजीटल शो वेनिटी डायरीज पर आई थी, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा कलाकारों के बारे में कई सारी बातें की.

तमन्ना ने कहा, बॉलीवुड में मुझे दीपिका पादूकोण काफी पसंद है. उनकी आंखें बहुत खुबसूरत हैं और मैं उनके एक्सपेरिमेंटल स्वभाव और हर चीज के लिए उनके नए दृष्टिकोण को काफी पसंद करती हूं. तमन्ना ने आगे कहा, वहीं हॉलीवुड में मुझे मेरिल स्ट्रीप अच्छी लगती हैं. वह हर उस किरदार में अलग दिखती हैं, जो वह निभाती है और मुझे इस बात से प्यार है. उन्होंने कहा, मैं उनमें से हूं, जिन्हें ऊंचाई से बहुत डर लगता था. मैं कोई ऐसी व्यक्ति नहीं थी जो बहुत साहसी हो. क्योंकि मुझे बहुत सारे स्टंट करने थे और बाहुबली में किरदार की शारीरिकता बहुत आवश्यक थी. मैं न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि अपने जीवन में निर्णय लेने के मामले में भी बहुत अधिक साहसी और बहादुर बनी. इसके साथ ही तमन्ना ने एक शूटिंग के दौरान हुई एक घटना को भी साझा किया. उन्होंने बताया, एक बार मैं अपनी वैनिटी वैन में पूरे डांस सीक्वेंस का अभ्यास कर रही थी, जिससे वैन हिल रही थी और बाहर हर कोई सोच रहा था कि वैन हिल क्यों रहा है.

# ब्रिटिश-अमेरिकी फिल्म से राधिका आप्टे और देव पटेल के इंटिमेट फोटो हुए लीक

बॉलीवुड में अपनी शानदार ऐक्टिंग के दम पर पहचान बनाने वाली ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे इस समय चर्चा में हैं। राधिका आप्टे की आने वाली ब्रिटिश-अमेरिकी फिल्म द वेडिंग गेस्ट में उनके इंटिमेट फोटो लीक हो गए हैं। ये फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जो फोटो लीक हुए हैं इनमें राधिका आप्टे और देव पटेल नजर आ रहे हैं। इन फोटोज से पता चलता है कि फिल्म में राधिका और देव के बीच लवमेकिंग सीन हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि जब राधिका आप्टे की ऐसी तस्वीरें लीक होकर वायरल हो गई हैं। इससे पहले फिल्म पार्च्ड में आदिल हुसैन के साथ की उनकी इंटिमेट तस्वीरें लीक हो गई थीं। बताते चलें कि माइकल विंटरबॉटम द्वारा निर्देशित फिल्म द वेडिंग गेस्ट का 8 सितंबर 2018 को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर था। फिल्म की कहानी ब्रिटेन में जन्मे एक मुस्लिम व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पाकिस्तान और भारत की यात्रा पर निकलता है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

